हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 06 दिसंबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री


स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय में रेड रिबन... 10





शैक्षणिक भ्रमण के साथ सात दिवसीय विशेष शिविर... 10




## खबर संक्षेप

### बाढ़-बचाव परिदृश्य पर संयुक्त मॉकड्रिल आज

**महासमुंद।** जिले में राष्ट्रीय आपदा मोचनबल (एनडीआरएफ) की 20-25 बल एक टीम और राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में बाढ़-बचाव परिदृश्य पर संयुक्त मॉकड्रिल का आयोजन किया गया है। मॉकड्रिल शुक्रवार 6 दिसंबर को शहीद वीरनारायण सिंह कोडार जलाशय में प्रातः 10 बजे से आयोजित है। सभी विभाग प्रमुखों को विभाग के दायित्वों एवं सुविधाओं के साथ मॉकड्रिल में शामिल होने का निर्देशित किया गया है।

### कत्ता और डंडे से वार कर किया घायल

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम खोकसा में एक युवक को मुर्गा काटने वाले कत्ता और डंडे से वार कर घायल करने के मामले में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। प्रार्थी सहनु दीवान पिता संतराम दीवान (24 साल) निवासी ग्राम खोकसा ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि 3 दिसंबर 2024 को वह किराना दुकान में बैठ के अपने दोस्त गीतु चौहान का फोन चला रहा था। तब पीछे से दीप यादव आया और सहनु के सिर को हाथ से दो बार मारा तब सहनु उसको पूछा कि क्यों मार रहा है, तब तो उसने गाली गलौज शुरू की और अपने फोन से किसी को फोन लगा के आज एक का मर्डर करना है बोलते हुए अपने घर अंदर गया और वहां से मुर्गा काटने वाला कत्ता लेके अपने घर के दरवाजा के पास खडा हो गया जैसे ही सहनु अपने घर जाने के लिए निकला और उसके घर के पास पहुंचा आरोपी ने सहनु के बांए पैर में कत्ता से मार दिया, इसके बाद वहीं पास में पड़े डंडे को उठाकर सहनु के सिर में मारा। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी दीप यादव के खिलाफ 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया है।

# रोजगार रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन होने से युवाओं को मिली राहत

## अब रोजगार मार्गदर्शन केंद्र में पहले जैसे नहीं लगती भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रोजगार पंजीयन ऑनलाइन होने के बाद अब रोजगार मार्गदर्शन केंद्र में पहले जैसे भीड़ नहीं लगती है। युवाओं को काफी राहत मिली है। जो युवा पंजीयन के लिए पहुंचते हैं, उनका काम भी दोपहर से पहले ही हो जाता है। ऐसे में अब रोजगार मार्गदर्शन केंद्र में प्लेसमेंट आदि में फोकस किया जा रहा है।

सरकारी नौकरी सहित कई जगहों पर रोजगार पंजीयन अनिवार्य है। ऐसे में कोर्स पूरा करने के बाद युवा रोजगार पंजीयन जरूर कराते हैं। पहले रोजगार पंजीयन ऑफलाइन होता था।

### सत्यापन की जरुरत नहीं

पहले ऑनलाइन करने के बाद भी युवाओं को डाक्यूमेंट सत्यापन के लिए रोजगार मार्गदर्शन केंद्र आना पड़ता था लेकिन अब यह बाध्यता भी समाप्त कर दी गई है। युवा मोबाइल से या च्वाइस सेंटर से पंजीयन कर सकते हैं। इसके लिए जो डाक्यूमेंट वे अपलोड करेंगे या फार्म में भरेंगे, वहीं मान्य होगा। पंजीयन के लिए न तो डॉक्यूमेंट सत्यापन करवाने की जरूरत है और न ही अधिकारी की सील, साइन अनिवार्य है। पंजीयन के बाद जो रिसिप्ट मिलेगी उसे ही मान्य किया जाएगा। डाक्यूमेंट सत्यापन की जिम्मेदारी नौकरी देने वाले नियोक्ता की है।



### ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा से मिली राहत

एक समय था जब रोजगार मार्गदर्शन केंद्र में पंजीयन के लिए युवाओं की भारी भीड़ पहुंचती थी। कई बार तो कतार इतनी लंबी होती थी कि कर्मचारी देर शाम तक काम करके भी सभी का पंजीयन नहीं कर पाते थे। युवाओं को पंजीयन के लिए दो तीन दिन इंतजार करना पड़ता था। दूर से आए युवाओं को इससे ज्यादा परेशानी होती थी। उन्हें बार-बार आना पड़ता था। अब ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा शुरू होने से युवाओ को रोजगार मार्गदर्शन केंद्र नहीं जाना पड़ रहा है।

युवाओं को रोजगार मार्गदर्शन केंद्र जाकर पंजीयन करवाना पड़ता था। पूरे जिले में पंजीयन के लिए सिर्फ एक दफ्तर होने के कारण रोजगार मार्गदर्शन केंद्र में भीड़ लगी रहती थी। दूर से आए युवाओं को परेशानी उठानी पड़ती थी। इन समस्याओं को देखते हुए शासन ने रोजगार का पूरा सिस्टम ही ऑनलाइन कर दिया है। युवा च्वाइस सेंटर या खुद के मोबाइल से रोजगार पंजीयन कर सकते हैं। पहले यह सुविधा युवाओं को समझ में नहीं आ रही थी, लेकिन अब युवा इस सिस्टम को समझ रहे हैं। पंजीयन कराने वाले अधिकांश युवाओं ने तो मोबाइल या च्वाइस सेंटर से ही पंजीयन कराया है। कई युवा रोजागार मार्गदर्शन केंद्र भी पहुंचते है।

## समस्या : 7 दिन के भीतर परिवहन नहीं तो धान खरीदी होगी प्रभावित

# पोर्टल खुलते ही हजारों ने कटाया टोकन, खरीदी की लिमिट हुई फुल, अब करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में टोकन एप से किसानों ने सप्ताह के मध्य में ऑनलाइन पोर्टल खोले जाने की वजह से हजारों किसानों ने ऑनलाइन टोकन कटा लिया। फलस्वरूप, अब 15 जनवरी तक टोकन नहीं कटेगा। तथा अब अन्य किसानों को धान अपनी फसल डेढ़ माह घरों अथवा खलिहान में सहेज के रखना पड़ेगा।

मिली जानकारी के अनुसार पहले शनिवार- रविवार टोकन कटता था। फलस्वरूप किसानों को तथा सोसायटियों को धान खरीदी के दौरान अव्यवस्था का सामना नहीं करना पड़ता था। हालांकि, छोटे किसानों के ऑफ लाइन विकल्प है। कल एकाएक पोर्टल ओपन कर दिया गया तथा पोर्टल ओपन होने की जानकारी किसानों के बीच फैलते ही हजारों बड़े किसानों ने ऑनलाइन टोकन कटा लिया।

स्थिति यह है कि जिले भर के 182 सोसायटियों में धान खरीदी की लिमिट फुल हो गई। यानी अब अन्य किसानों का टोकन 15 जनवरी के बाद कटेगा। ऐसे में 15 जनवरी के बाद आने वाले किसानों को महज खरीदी के लिए 15 दिनों का ही समय मिल पाए। इसमें भी अनेक छुट्टियां पड़ेगी जिसमें खरीदी प्रभावित रहेगी। जानकारी के अनुसार नियमतः 5 एकड़ से कम वाले यानी 70 फीसदी छोटे किसानों तथा 30 फीसदी बड़े किसानों का टोकन काटने का नियम है। लेकिन, एकाएक पोर्टल खोले जाने की वजह से 15 जनवरी तक किसानों ने बुक करा लिया है। इधर, जिले भर की सोसायटियों में



बफर लिमिट से अधिक धान का उपार्जन किया चुका है। तथा सोसायटियों में जगह का अभाव है। अब धान रखने के लिए जगह नहीं है।

वहीं जिले भर के उपार्जन केंद्रो में बंपर धान अवक हो रहा है पर उठाव नहीं होने से आने वाले दिनों में धान खरीदी प्रभावित हो सकता है। जिले के 182 में से 102 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान जाम है। अब धान की आवक धीरे-धीरे बढ़ रही है। कुछ दिनों तक यही स्थिति रही तो खरीदी की व्यवस्था बिगड़ सकती है। समितियों ने समय पर धान उठाव करने की मांग की है। जिले में करीब 1 लाख 63 हजार किसान पंजीकृत हैं। 14 नवंबर तक 38 हजार 275 किसानों से 18 लाख 57 हजार 718 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। कटाई- मिंजाई में तेजी आने के बाद फड़ों में धान की आवक बढ़ रही है। सबसे ज्यादा धान की खरीदी बागबाहरा ब्लॉक 9147 किसानों से 4 लाख 52 हजार 284 क्विंटल की हुई है। फिलहाल, धान उठाव ही प्रमुख समस्या है, क्योंकि बड़े किस्म के धान की आवक जब शुरू होगी, तो समितियों की मुसीबत बढ़ जाएगी। जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने कलेक्टर व डीएमओ को आवेदन सौंपा है। संघ ने बताया कि फड़ों में बफर लिमिट से अधिक धान है। जगह की कमी होने लगी है। इससे धान खरीदी करना संभव नहीं है। इसलिए धान का उठाव किया जाए। संघ ने कहा कि 7 दिन के भीतर धान का परिवहन नहीं होने पर जिले के उपार्जन केंद्रों में खरीदी बंद करनी पड़ेगी सकती है।

### 7 दिनों के भीतर उठाव नहीं तो खरीदी बंद

सोसायटी प्रबंधकों ने कलेक्टर को आवेदन देकर कहा कि यदि, 7 दिनों के भीतर धान का उठाव नहीं हुआ तो वे खरीदी बंद कर देंगे। ऐसे में जिनका टोकन कट चुका है वे भी हलाकान होंगे। वहीं, आगामी सोमवार को एक बार मौसम वैज्ञानिकों ने फिर बारिश की चेतावनी दी है। ऐसे में फिर एक बार खरीदी प्रभावित होगी।

### 197474.72 धान का उठाव शेष

खाद्य विभाग के पोर्टल से मिली जानकारी के अनुसार जिले भर में 39878 किसानों से कुल 197522.72 टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। इनमें से महज 48 टन ही संग्रहण केंद्र को प्रदाय किया गया है। अब उपार्जन केंद्रों में 197474.72 टन धान का उठाव शेष है। मिलरों की हड़ताल की वजह से इस बार अब तक उठाव नहीं हो रहा है। जबकि, 30 से 40 हजार कट्टे का डीओ कट चुका है।

### 95 करोड़ रुपए ऋण वसूली

जिले के पंजीकृत किसानों को खरीफ फसल के लिए 82 हजार 110 किसानों को 426 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किया गया था। अब ऋण वसूली की प्रक्रिया चल रही है। अभी तक लिकिंग के माध्यम से 95 करोड़ 11 लाख रुपए का ऋण वसूला गया है। शेष लक्ष्य की वसूली आने वाले दिनों में लिकिंग के माध्यम से की जाएगी। रबी सीजन के लिए भी किसानों को ऋण का वितरण किया गया है।

## गाली-गलौज और मारपीट के मामले में काउंटर केस दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बिछिया में गाली गलौज और मारपीट के मामले में पुलिस ने काउंटर मामला दर्ज किया है। ग्राम बिछिया निवासी उमेश कुमार प्रधान ने पुलिस को बताया कि उनके गांव का गोस्वामी प्रधान गांव के सार्वजनिक जगह में अश्लील स्लोगन कई बार लिख चुका है, इस संबंध में गांव में मीटिंग किया गया था, मीटिंग में उस समय के एसडीएम बसना व तहसीलदार बसना भी शामिल हुए थे, जिसमें ग्रामीणों के समक्ष एसडीएम व तहसीलदार ने पंचनामा तैयार किया था तथा गोस्वामी प्रधान को इस तरह का अश्लील स्लोगन लिखने के लिए मना कर समझाईश दिया गया था। प्रार्थी ने बताया कि वह, उसका भाई रूपेश प्रधान और चाचा गौरचंद प्रधान 4 दिसंबर को अपनी बाडी में काम कर रहे थे। दोपहर करीब 12:30 बजे गोस्वामी प्रधान अपनी ट्रैक्टर में आया और अश्लील गाली गलौज कर था, जिसे सुनकर आरोपी को मना किया गया तो वह रूक गया और ट्रैक्टर को बीच रास्ते में खड़ा कर दिया। तब तक उसका भाई गोपाल प्रधान और गोपाल का लड़का तोसेस प्रधान आ गए और तीनों ने एक राय होकर गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। इधर गोस्वामी प्रधान ने पुलिस को बताया कि 04 दिसंबर 2024 को वह अपने गांव बिछियां से ट्रैक्टर मंल ईंट लादकर बसना जाने के लिए निकला था। दोपहर करीबन 12:30 बजे गांव के गली में उकेश भोई के घर के सामने पहुंचा था व मजदूर का इंतजार कर रहा था, तभी गांव के उमेश प्रधान, रूपेश प्रधान व गौरचंद प्रधान आए। आरोपी उमेश प्रधान ने दीवार में क्यों लिखे हो कहकर पुरानी रंजिश की बात को लेकर अपने हाथ में रखे डंडे से गोस्वामी को मारने लगा। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी उमेश प्रधान और रूपेश प्रधान के खिलाफ 117(2), 296, 3(5), 324(2), 351(2) बीएनएस के तहत तथा गोस्वामी प्रधान और गोपाल प्रधान के खिलाफ 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

## मेन रोड स्थित मेडिकल स्टोर में चोरी जांच में जुटी पुलिस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में लगातार हो रही चोरी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। बावजूद चोरियों को रोकने पुलिस नाकाम नजर आ रही है। सोमवार को सरायपाली के ग्राम अर्जुदा के घंटेश्वरी मंदिर से चोरी, मंगलवार को पिथौरा थाना के ग्राम गड़बेड़ा में किसान के घर से करीब 6 लाख की चोरी और अब गुरुवार अल सुबह मुख्यालय के एनएच 353 स्थित मेडिकल स्टोर्स में 3 अज्ञात चोरों ने शटर तोड़कर करीब 60 हजार रुपए की चोरी को अंजाम दिया है। मुख्यालय में हुई इस चोरी ने पुलिस की पेट्रोलिंग व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है।बता दें कि चोरों के दुकान में आने, चोरी करने और चोरी के बाद वापस जाने की पूरी घटना दुकान के बाहर और अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। शहर से होकर गुजरे एनएच 353 में संचालित लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स के पास सुबह 3.56 बजे एक व्यक्ति दुकान के पास पहुंचा। बाद उसके पीछे दो अन्य दुकान के पास पहुंचे। तीनों ने दुकान का शटर तोड़ा, फिर एक चोर सुबह 4 बजे दुकान में दाखिल हुआ और 4.03 बजे चोरी कर उसी रास्ते से सभी दुकान के बाहर निकल गए। चाबी से गल्ले को खोलकर चोर नकदी करीब 60 हजार रुपए को थैला में रखकर बस स्टैंड की ओर चले गए। घटना की जानकारी संचालक जतिन रुपरेला को सुबह दुकान पहुंचने पर हुई। उसने इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। घटना की जानकारी और दुकान से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस की टीम अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर तलाश में जुट गई है।

## राइस मिलर्स का एक दिवसीय धरना जिला मुख्यालय में 9 दिसंबर को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राइस मिल्स एसोसिएशन महासमुंद की जिला इकाई कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक शासन से पूर्व वर्षों का संपूर्ण भुगतान प्राप्त नहीं होता जिले का कोई राइस मिलर पंजीयन, अनुबंध या धान उठाव नहीं करेगा। इसी तारतम्य में मिलर्स शासन का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य जिले के समस्त मिलर्स 9 दिसंबर सोमवार को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना देंगे। मिलर्स को इतनी बड़ी राशि देय होने के बावजूद शासन की चुप्पी पर मिलर्स ने चिंता जताई। बैठक में महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली के मिलर्स बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक में विधायक राजू सिन्हा भी पहुंचे। उन्होंने भी मिलर्स की मांगों के प्रति सहानुभूति प्रकट करते हुए यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## धौराभाठा से चोरभट्ठी छुरा मार्ग पर गढ्ढे ही गढ्ढे, सड़क जर्जर...





नर्रा। प्रधानमंत्री सड़क बोइरगांव से धौराभाठा जाने वाले सड़के जर्जर स्थिति में है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि बोइरगांव से धौराभांठा की दूरी लगभग तीन किलोमीटर तथा धौराभांठा से चोर भट्ठी मार्ग पीडब्लूडी सड़क छुरा-गरियाबंद को जोड़ती है यह सड़क पर सवारी बसे भी चलती है। इसमें इतने छोटे-बड़े गढ्ढे होने से चालक को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूरी करने में एक घंटे के बजाए दो घंटे से अधिक लग रहे हैं। इधर बोइरगांव से धौराभाठा जानेवाली सड़क की डामर की परत उखड़ जाने से गिट्टी व धूल के वजह से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही सड़कों को डामरीकरण व गढ्ढे को मरम्मत करने की मांग की है।

## नागरिकों सहित किसानों ने ली राहत की सांस

# चक्रवात का असर खत्म, चार दिन बाद खुला मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में चक्रवात फेंगल का असर अब पूरी तरह से खत्म हो गया है। इसलिए चार दिन के बाद मौसम खुल गया। मौसम खुलते ही आम लोगों सहित किसानों ने राहत की सांस ली। मौसम खुलते ही फिर से ठंडी हवा का आगमन प्रदेश में शुरू हो जाएगा। इसलिए आज से फिर जिले में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। ज्ञात हो कि मौसम खुलते ही मंगलवार के बाद बुधवार को ठंड से राहत मिली थी। न्यूनतम भी 5 डिग्री बढ़ गया था। चार दिन पहले चक्रवात फेंगल के कारण जिले में कहीं-कहीं बूंदाबांदी तो कहीं तेज बारिश हुई। इससे सुबह के समय भी लोग गर्म कपड़े पहनने को मजबूर हो गए थे। ठंड अचानक बढ़ गई। इसके बाद चक्रवात का



असर खत्म होते ही जिले का न्यूनतम तापमान बढ़ने लगा। इससे ठंड पर भी ब्रेक लग गया था। मौसम खुलने बाद जिले में फिर से उत्तर से बर्फीली शुष्क हवा आने से न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी और ठंड भी बढ़ेगी। न्यूनतम तापमान में बढ़ गया। 5 डिग्री तक बढ़ोतरी दर्ज की गई थी।

इससे जिले में ठंड का दिन में अहसास नहीं हो रहा था। मौसम विभाग के अनुसार फिर से कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। क्योंकि चक्रवात का असर कम हो गया है। उतर से ठंडी हवा आने से 3 से 4 डिग्री न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज होने की संभावना है। आज व शनिवार से कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। साथ ही आगामी दिनों में भी ठंड पिछले साल से ज्यादा पड़ने की संभावना है।

### दिसंबर के आखिरी सप्ताह में बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग के अनुसार इस बार दिसंबर के दूसरे सप्ताह से लेकर अंतिम सप्ताह तक ठंड कहर बरपाएगी। इसका असर नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में ही दिख गया है। नवंबर के अंतिम सप्ताह में ही न्यूनतम तापमान रिकार्ड तक पहुंच गया था। ऐसे में दिसंबर में इस बार न्यूनतम तापमान तक पहुंचने की संभावना है।

### 8 व 9 को फिर बारिश की संभावना

मौसम विभाग रायपुर के अनुसार एक पक्षिमी विक्षोभ फिर से 7 दिसंबर से सक्रिय होने की संभावना है। इसका असर दूसरे दिन देखने को मिलेगा। इसके प्रभाव से जिले में कहीं-कहीं फिर से बूंदाबांदी व बारिश होने की संभावना है। फिर से शीतलहर चलने की संभावना है।

### व्याख्याताओं का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**महासमुंद।** डाइट में महासमुंद में आज से तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण रसायन शास्त्र के व्याख्याताओं का प्रारंभ हुआ। मास्टर ट्रेनर लोमन चंद्राकर और नंदकुमार चौधरी ने विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया यह प्रशिक्षण का दूसरा चरण है पहले चरण में ऑनलाइन प्रशिक्षण हुआ जो कि 20 नवंबर से 23 नवंबर तक आयोजित था दूसरा चरण 5 से 7 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण को डाइट के व्याख्याता टेकराम सेन, सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान, व्याख्याता किरण कन्नौजे ने संबोधित किया। संचालन कार्यक्रम समन्वयक ईश्वर चंद्राकर ने किया। व्याख्याता झरना साहू एवं वीणा साहू ने प्रशिक्षण के सुचारू संचालन हेतु सहयोग प्रदान किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में जगदीश सिन्हा, विजय कुमार, परस राम सिन्हा, विजय लक्ष्मी, सीमा शाहिद, सृष्टि साहू, महिमा सालोमन , तनूजा चंद्राकर, धनेश्वरी चंद्राकर, दीपिका पटेल, प्रतिभा सोनी, नरेंद्र चतुर्वेदी, मनोज साहू, मीजेश, नरेश पटेल, हुकुमचंद, हेमंत चंद्राकर आदि उपस्थित थे।


हरिभूमि

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### नड्डा और गडकरी से मिले चंद्राकर

**रायपुर।** पूर्व मंत्री, विधायक, भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भेंट की। श्री गडकरी से मुलाकात में कुरुद विधानसभा में सड़क कनेक्टिविटी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही भारतमाला परियोजना के अंतर्गत रायपुर से विशाखापट्टनम राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में कुरुद में एकरेखन फीडर रूट कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने विभाग को आवश्यक निर्देश प्रदान करने का आग्रह किया। श्री चंद्राकर ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान कुरुद विधानसभा के ग्राम उमरदा में 84.10 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया। साथ ही वर्चुअल कंसल्टेशन और डायग्नोस्टिक लैब की सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी और प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा भी उपस्थित रहे।

### जोन 3 में सफाई बदतर, युवा कांग्रेस पहुंचा निगम दफ्तर

**रायपुर।** रायपुर उत्तर विधानसभा युवक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नवाज खान के नेतृत्व में युवक कांग्रेसियों के एक दल ने रायपुर नगर निगम के जोन क्रमांक 3 के जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे से भेंट कर शक्ति नगर स्थित नाले की सफाई की मांग की। ज्ञात हो कि नाला कचरे से जाम होने से लोगों को मच्छर का प्रकोप झेलना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर कांग्रेस लगातार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराते हैं। युवा कांग्रेस का एक समूह जोन क्रमांक 3 में शक्ति नगर नाले की सफाई की मांग को लेकर गया था। जोन कमिश्नर ने आश्वासन दिया है, अगर फिर भी साफ नहीं हुआ, तो युवा कांग्रेस आंदोलन शुरू करेगी।



# स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब ने मनाया एड्स जागरूकता दिवस, बीमारी के कारणों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद में रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में 5 दिसंबर को विश्व एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य रवि देवांगन द्वारा एड्स जागरूकता दिवस की आवश्यकता की महत्वता को प्रदर्शित करते हुए उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में एचआईवी संक्रमण वर्तमान में लाइलाज है, लेकिन इस बीमारी के बारे में उचित जागरूकता से इसे नियंत्रित किया जा सकता है, एचआईवी की रोकथाम, निदान, प्रबंधन और देखभाल में प्रगति के साथ-साथ एचआईवी से पीड़ित लोग लंबा और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

एचआईवी और एड्स के बीच अंतर यह है कि एचआईवी एक वायरस है जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करता है। एड्स एक ऐसी स्थिति है जो एचआईवी संक्रमण के परिणामस्वरूप हो सकती है जब आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली गंभीर रूप से कमजोर हो जाती है। अगर आप एचआईवी से संक्रमित नहीं हैं तो आपको एड्स नहीं हो सकता। वायरस के प्रभाव को धीमा करने वाले उपचार की बदौलत, एचआईवी से पीड़ित हर व्यक्ति को एड्स नहीं होता। लेकिन उपचार के बिना, एचआईवी से पीड़ित लगभग सभी लोग एड्स की चपेट में आ जाएंगे। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब के कार्यक्रम अधिकारी तरुण बांधे के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा शृंखलाबद्ध होकर रेड रिबन का सिंबोल बनाकर जागरूकता संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन अथिति सहायक प्राध्यापक निलेश तिवारी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर चित्रेश बरेठ अतिथि सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र ने एड्स के बारे में बताया कि विश्व एड्स दिवस हमें एच आई वी/एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने, एचआईवी संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति दिखाने और इस बीमारी से लड़ने के लिए एक साथ आगे आने का मौका देता है। इस दिन अलग-अलग कार्यक्रमों, सेमिनारों और जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरुआत 1 दिसंबर 1988 में हुई थी। माधुरी दीवान अतिथि सहायक प्राध्यापक वाणिज्य द्वारा 'एड्स बचाव ही जानकारी' विषय पर कहा कि एचआईवी एक ऐसा वायरस है, जो शरीर की इम्युनिटी को कमजोर कर देता है। एड्स एचआईवी संक्रमण का अंतिम चरण है। जब एचआईवी शरीर में प्रवेश करता है, तो यह टी-सेल्स को नष्ट करना शुरू कर देता है। टी-सेल्स शरीर के इम्युन सिस्टम का एक जरूरी हिस्सा हैं। जब टी-सेल्स की संख्या बहुत कम हो जाती है, तो शरीर किसी मामूली इंफेक्शन से भी लड़ने में असमर्थ हो जाता है। जिसके कारण व्यक्ति की उस बीमारी की वजह से मौत हो जाती है।

माधुरी दीवान अतिथि सहायक प्राध्यापक वाणिज्य द्वारा जानकारी दी गई कि एचआईवी के तीन चरण होते हैं: चरण एक में तीव्र एचआईवी कुछ लोगों को एचआईवी से संक्रमित होने के एक या दो महीने बाद फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। ये लक्षण अक्सर एक हफ़्ते से लेकर एक महीने के भीतर ठीक हो जाते हैं।

चरण दो में क्रोनिक चरण/क्लिनिकल विलंबतातीव्र अवस्था के बाद, आप कई वर्षों तक बिना बीमार महसूस किए एचआईवी से संक्रमित हो सकते हैं। यह जानना महत्वपूर्ण है कि भले ही आप स्वस्थ महसूस कर रहे हों, फिर भी आप दूसरों को एचआईवी फैला सकते हैं। चरण तीन एड्स एचआईवी संक्रमण का सबसे गंभीर चरण है। इस चरण में, एचआईवी ने आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया है और अवसरवादी संक्रमणों से आपको बीमार होने की अधिक संभावना है।

कार्यक्रम में प्रतिमा चंद्राकर, मुकेश कुमार सिन्हा, हरिशंकर नाथ, आलोक त्रिलोक हिरवानी डॉ. ग्लैडिस मैथ्यू, संजय कुमार, त्रिपेश कुमार साहू तथा सावित्री अग्रवाल, शेषनारायण साहू, जगतारण बघेल, नानक साहू एवं रेड रिबन क्लब के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु महाविद्यालय के कर्मचारी कौशल साहू ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## योजना : पर्यावरण के लिए भी एक सकारात्मक कदम

# सौर सुजला योजना से किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर बन रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राज्य में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में क्रेडा द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं में से एक महत्वपूर्ण योजना है 'सौर सुजला योजना', जिसका उद्देश्य किसानों को सिंचाई के लिए सोलर पंप उपलब्ध कराना है। इस योजना के माध्यम से किसान बिजली के अभाव में महंगे ईंधन जैसे डीजल का उपयोग करने से बच कर सस्ते और स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोत का लाभ उठा रहे हैं। महासमुंद जिले के किसानों के लिए यह योजना वरदान साबित हुई है। यहां के लगभग 5649 किसानों ने इस योजना का लाभ लिया है। इस योजना को किसानों के बीच जबरदस्त लोकप्रियता मिली है। वर्तमान में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु इस योजना के तहत जिले को 650 नग सोलर पंप का लक्ष्य आबंटित किया गया है जिसके विरूद्व सोलर पंप स्थापित किया जा चुका है।

पहले जिन किसानों को जलस्त्रोत होने के बावजूद सिंचाई के लिए बिजली का अभाव या महंगे डीजल पंपों का सहारा लेना पड़ता था, उन्हें अब सोलर पंप उपलब्ध कराए गए हैं। इससे न केवल उनके खर्च में कमी आई है, बल्कि उनका कृषि कार्य भी निर्बाध रूप से चलता है। सौर पंपों के माध्यम से किसानों ने अब फसलों की सिंचाई सस्ती और आसान तरीके से करना शुरू किया है। विशेष रूप से, जो किसान बारिश पर निर्भर रहते थे, उन्हें अब पानी की कमी का सामना नहीं करना पड़ता। इससे उनके खेतों में फसल उत्पादन बढ़ा और आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। पहले किसानों को परम्परागत विद्युत कनेक्शन के लिए लाखों रुपये खर्च करने पड़ते थे, और तब भी बिजली की आपूर्ति हमेशा अनिश्चित रहती थी। सोलर पंप के माध्यम से किसानों ने बिजली के निर्भरता से मुक्ति पाई है और उन्हें अब एक स्थिर, स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा मिल रही है। यह योजना न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना रही है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी एक सकारात्मक कदम है, क्योंकि यह स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग करती है। जिले के विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम शंकरपुर के किसान मुक्तिदास साव ने बताया कि वे 3 एचपी का सोलर पंप स्थापित कराया है। जिससे अब सिंचाई का खर्चा कम हुआ है साथ ही फसल का उत्पादन भी बढ़ा है। साव बताते है कि वे अपने खेत में धान और मक्का की खेती अच्छे से कर पा रहा है। मक्के की खेती से कम समय में ही उन्हें 55 हजार का मुनाफा मिला है।

# नैतिक शिक्षा पर प्रेरणादायक कार्यशाला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में नैतिक शिक्षा पर एक प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रतिभागियों साकेत कुमार, यशवंत गिरि और प्रखर सक्सेना ने विभिन्न विषयों पर छात्रों का मार्गदर्शन किया। साकेत कुमार ने विद्यार्थी जीवन के महत्व को समझाते हुए अनुशासन और सकारात्मक सोच को सफलता की आधारशिला बताया। यशवंत गिरि ने दिनचर्या को व्यवस्थित रखने और नियमितता से जीवन में संतुलन और प्रगति की संभावनाओं पर जोर दिया। प्रखर सक्सेना ने परीक्षा की तैयारी और तनाव प्रबंधन पर व्यावहारिक सुझाव दिया। कार्यक्रम में व्याख्याता किरण पटेल ने चरित्र निर्माण और देश सेवा के आदर्शों पर अपने विचार साझा किए और छात्रों को इन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला में अध्यापकों, शिक्षकों और छात्रों ने आध्यात्मिक और नशामुक्ति के प्रेरणादायक गीत गाए। इसके साथ ही, देश सेवा और नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ भी ली गई। प्राचार्य एस एल पाटकर ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष आदरणीय किसनू निर्मलकर, गायत्री शक्ति पीठ महासमुंद से बोधराम साहू सहित विद्यालय के , प्राचार्य एसएल पाटकर, शिक्षक गण वायएस बलिहार, तुलेंद्र सागर, किरण पटेल, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, आराधना साहू,वी के तिवारी, कुंती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, विनोद वर्मा, मनीष साहू, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, यागेश ध्रुव, कार्यालयीन स्टॉप से प्रदीप यादव, जागेश्वरी गोस्वामी, आकांक्षा पात्रे एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेंगे। कार्यालयीन स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कोमाखान के छात्र-छात्राओं को पीएससी प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी को लेकर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान



इस बातचीत की शुरुवात करते हुए शासकीय महाविद्यालय कोमाखान के प्राचार्य डा पुरुषोत्तम झा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। ज्ञात हो कि महाविद्यालय के प्राचार्य डा झा के मार्गदर्शन में गणित एवं विज्ञान को प्रोत्साहित करने योजनाबद्ध कार्यक्रम के साथ क्षेत्र के समस्त हायर सेकंडरी स्कूल में कौशल विकास, इनफॉर्मेशन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम, जो इन दिनों विज्ञान आश्रम कसेकेरा का संचालन कर रहे हैं - ने महाविद्यालयीन छात्र - छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की जानकारी दी। उन्होंने इस वर्ष के लिए उदघोषित क्लास 2 एवं कार्यपालिक श्रेणी में क्लास 3 के विभिन्न पदों की जानकारी देते हुए कैसे तैयारी करे ? इस संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से विज्ञान आश्रम अध्ययन केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओ का लाभ उठाने का न्यौता दिया। इस अवसर पर डा विजय शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किया। विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु मोटिवेट करने के लिए महाविद्यालय के स्टाफ विशेष रूप से डा भूमिका शर्मा सहा प्राध्यापक, व्याख्याता हेमचंद साहू और अन्य टीचर्स का विशेष योगदान रहा।

# शैक्षणिक भ्रमण के साथ सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

## शिविरार्थियों ने किया कृषि विज्ञान केंद्र नयापारा भलेसर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भलेसर में 28 नवंबर से 04 दिसंबर 2024 तक आयोजित था। सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिवस शिविर स्थल से कुछ दूरी पर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र नयापारा ग्राम पंचायत भलेसर का शैक्षणिक भ्रमण किया गय।



भ्रमण में शिविरार्थियों द्वारा कृषि से जुड़ी विभिन्न प्रकार के जानकारी प्राप्त किया जिसमें मुख्य रूप से बटेर पालन एक नया देखने को मिला। साथ विभिन्न प्रजाति के पेड़ पौधे भी देखने को मिला। डॉ. रजनी अगासे विषय वस्तु विशेषज्ञ ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्रशिक्षण देना, कृषि से संबंधी नवीन पद्धति को उपयोग कर के देखना , कृषि में उपयोग होने वाले बीजों, खाद उर्वरा के बारे में बताया गया। कृषि से सम्बंधित फसलों को वातावरण के अनुसार उसका उपयोग किया जाता है। किसानों की खेती का निरीक्षण भी किया जाता है। तिलहन और दलहन के खेती पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही कुक्कुट, मुर्गी पालन आदि के बारे में बताया गया। भारत में 731 केवीके स्थापित है जो कि सभी एक जुट होकर कार्य करते है जिसमें 28 केवीके छत्तीसगढ़ में है। कृषि में मुख्य फसल धान है। न्यूट्रीशन गार्डन एंड नेट हाउस, वोकेशनल प्रशिक्षण को विस्तार से बताया गया, कृषि विज्ञान केंद्र 50 एकड़ में फैला है जिस पर विभिन्न प्रकार के पौधे के प्रजाति चीकू, आवंला, आम, नींबू, इमली,अमरूद, जामुन,हल्दी, राहल, अंजीर, सेमिलता, सीता फल, कटहल, बेल, बेर, नीम, केला आदि।

मुर्गी पालन 2 प्रजाति जिसमें बटेर एवं कड़कनाथ, गाय की गिर प्रजाति है, बकरी की प्रजाति, वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने की विधि को विस्तार से बताया गया। भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के परिक्षेत्र प्रबंधक कमलकांत लोधी, श्रीमती पूर्णिमा कार्तिकेन पीए कंप्यूटर सहित सभी स्टाफ उपस्थित रहे एवं भ्रमण में श्रीमती टेमीन टिकेश्वर सिन्हा सरपंच ग्राम पंचायत भलेसर, अजय कुमार राजा, श्रीमती राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, नूतेश सिन्हा पंच ग्राम पंचायत भलेसर, प्रकाशमणि साहू सहायक कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, अविनाश चौहान जनभागीदारी व्याख्याता वाणिज्य उपस्थित सहित सभी शिविरार्थी ने निरीक्षण किया।

# परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण में परखी गई बच्चों की दक्षता

## बिरकोनी में न्यौता भोज व परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण में 25 बच्चों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी



शासकीय प्राथमिक शाला बिरकोनी में विद्यार्थियों की दक्षता और कमियां जानने परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 परीक्षा का चयन आयोजन 4 दिसंबर को किया गया। जिसमें पूर्व में तीन मॉक टेस्ट 18 व 25 नवंबर और 29 नवंबर को संपन्न हुआ। 4 दिसम्बर को परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण की मुख्य परीक्षा प्राथमिक शाला बिरकोनी में सभी शिक्षक और प्रधान पाठक की उपस्थिति में आयोजित हुई। जिसमें 25 बच्चों ने मुख्य परीक्षा में भाग लिया। प्रश्न पेपर 31, 32, 33, 34, 35, 36 सेट में आया था। ओएमआर सीट से बच्चों व शिक्षक प्रधान पाठक द्वारा शिक्षक टी.क्यू बच्चों के लिए पी.क्यू प्रधान पाठक के लिए एस. क्यू प्रश्न पूछे गए, बच्चों के लिए ए. टी में 45 प्रश्न और पी.क्यू में 35 प्रश्न टी.क्यू में 28 एस. क्यू में 36 प्रश्न सभी प्रश्नों का उत्तर ओएमआर सीट में भरे गए,इस आधार पर भूत प्रारम्भिक एवम मध्य चरणों के अंत में छात्रों की दक्षता का आंकलन किया गया। मुख्य ऑब्जर्वर शालिनी प्रिया, एफाआई जानकी देवांगन डाइट महासमुंद से आए थे।

संकुल समन्वयक निर्वाण दास मानिकपुरी, प्रधान पाठक देवचरण साहू, शिक्षक धनेश्वरी प्रजापति एवं संस्था के सभी शिक्षक मुकेश प्रजापति ,संगीता साहू, मेघा ध्रुव की सहभागिता रही। शिक्षक संगीता साहू ने अपने बच्चे के जन्मदिन के अवसर पर समस्त बच्चों एवम्स्टाफ को न्यौता भोज कराया। सभी के लिए जिसमें संकुल समन्वयक सहदेव ध्रुव एवम् प्रभारी वरिष्ठ शिक्षक धनेश्वरी प्रजापति, मेघा ध्रुव, मुकेश प्रजापति, उपस्थित थे। बच्चों को रोज स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों ने खुशी जाहिर की।

### बिजली के दाम में बढ़ोतरी और कटौती जनता पर अत्याचार

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है और ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में एक बार फिर से 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। इसके पहले भी साय सरकार ने बिजली के दाम में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। अभी तक सरकार ने एक साल में 17.31 प्रतिशत बिजली के दाम बढ़ा दिये हैं। यह जनता पर अत्याचार है। प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ति है इस दशा में बिजली के दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। पिछले 11 माह से बिजली के बिल दोगुने आ रहे हैं। पिछले माह के बिल में सुरक्षा निधि के नाम पर उपभोक्ताओं से बिल के साथ 30 प्रतिशत अतिरिक्त राशि वसूला गया था।

# भाजपा सांसद रूपकुमारी ने केंद्रीय मंत्री से महासमुंद व बागबाहरा बायपास सड़क बनाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारतीय जनता पार्टी की सांसद रूपकुमारी चौधरी संसद के शीतकालीन सत्र में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए भाजपानीत केंद्र सरकार के केंद्रीय मंत्रियों से लगातार भेंट करके और पत्र सौंपकर उन्हें महासमुंद संसदीय क्षेत्र की आवश्यकताओं और समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्याओं का समाधान कर क्षेत्र को सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह कर रही हैं। केंद्रीय मंत्रियों ने सांसद चौधरी के निवेदन को गंभीरता से लेकर इस दिशा में त्वरित पहल का भरोसा दिलाया है। भाजपा सांसद श्रीमती चौधरी ने इसी कड़ी में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की और इस दौरान महासमुंद लोकसभा अंतर्गत विभिन्न मार्गों के निर्माण के लिए मांग पत्र प्रस्तुत किया। श्रीमती चौधरी द्वारा सौंपे गए पत्र में विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्ग 53 से निकलने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 353, जो महासमुंद-बागबाहरा के रास्ते ओड़िशा को छत्तीसगढ़ से जोड़ता है, में महासमुंद एवं बागबाहरा शहरों में दुर्घटनाओं को टालने एवं यात्रा को अधिक सुगम बनाने की दृष्टि से बायपास सड़क बनाने की मांग मुख्य रूप से शामिल है। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने श्रीमती चौधरी की बातों को गंभीरता से लेकर शीघ्र ही डीपीआर की प्रक्रिया प्रारंभ करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। विदित रहे, महासमुंद और बागबाहरा से होकर गुजरने वाले राजमार्ग 353 पर छोटे-मझोले के साथ ही भारी वाहनों की काफी आवाजाही के चलते न केवल आवागमन में परेशानी होती है, अपितु लगातार दुर्घटनाएं भी घटती रहती हैं। महासमुंद और बागबाहरा में इन दिक्कतों व हादसों के चलते बायपास सड़क बनाने की मांग की जाती रही है। भाजपा सांसद श्रीमती चौधरी की पहल और केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी के त्वरित निर्देशों के बाद शीघ्र ही महासमुंद और बागबाहरा को बायपास सड़क की सुविधा मिलने का भरोसा बढ़ गया है।

## खबर संक्षेप



### युवा कल्याण मंत्री से तुषार ने की मुलाकात

**महासमुंद।** जिले के सक्रिय भाजपा और किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने आज छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व, खेलकूद युवा कल्याण एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा से उनके निवास पर जाकर सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने मंत्री टंकराम वर्मा से क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजनाओं के बारे में चर्चा किया। राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए तय की गई समय-सीमा का अनिवार्य रूप से पालन कर, समय-सीमा में प्रकरण का निराकरण नहीं होने पर संबंधित व जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी पर कठोर कार्रवाई करने का मांग किया, वहीं मुलाकात के दौरान भगवा गमछा भेटकर एक साल के सफल कार्यकाल की बधाई दिया। इस दौरान भाजपा युवा नेता गब्बर साहू साथ में उपस्थित रहे।

## शिक्षण : शैक्षणिक कार्य संबंधित सामग्री वितरण कार्यक्रम

# छात्रावास और आश्रमों के छात्रों को दिए गए जरूरी सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग अंतर्गत विकासखंड महासमुंद में संचालित छात्रावास और आश्रमों में निवासरत छात्र-छात्राओं को शिक्षण कार्य से संबंधित आवश्यक सामग्रियां प्रदाय किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखंड महासमुंद के अंतर्गत वर्तमान में कुल 25 छात्रावास और आश्रम संचालित जिसमें प्री मैट्रिक के 16, आश्रम शाला 3 और पोस्ट मैट्रिक के 6 छात्रावास संचालित है। पूर्व सत्र में विभागीय आदेश के द्वारा निर्देशित किया गया था कि छात्रावास और आश्रमों में प्रदाय की जाने वाली शिष्यवृत्ति के राशि के बचत राशि से छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, कॉपी, पेन, लोअर, टी शर्ट, ट्रैक शूट जैसे आवश्यक



सामग्रियां दिया जाना है। जिसके परिपालन में महासमुंद के सभी प्री मेंट्रिक छात्रावास और आश्रमों में अधीक्षकों के द्वारा उपरोक्त सामग्रियां प्रदाय किया जा रहा है। सामग्री प्रदाय किए जाने के संदर्भ में शासन और प्रशासन की मुख्य मंशा बच्चों की उपस्थिति सही रखने और साथ ही छात्रावास में बच्चों की रुचि बनाए रखना है। जिससे बच्चों में नया उमंग और ऊर्जा बना रहे साथ ही दूरस्थ अंचलों से आकर छात्रावासों में निवास करने वाले बच्चों में पढ़ाई लिखाई के प्रति रुचि बने रहे और उन्हें छात्रावास आश्रम भी अपने घर जैसा लगे। इस संदर्भ में सहायक आयुक्त शिल्पा साय के द्वारा अधीक्षकों को समय समय पर निर्देश दिए जाते है एवं सामग्रियों का वितरण करवाया जाता है। उनके द्वारा समय समय पर सभी छात्रावास और आश्रमों में सतत निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था की जानकारी भी ली जाती है। कुछ दिनों पूर्व कलेक्टर विनय लंगेह के द्वारा भी छात्रावास और आश्रमों में निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के संबंध में निर्देश दिए गए थे। जिनका पालन सभी छात्रावास और आश्रमों में किया जा रहा है। मंडल संयोजक महेंद्र टंडन के द्वारा जानकारी दी गई कि छात्रावासी बच्चों को सामग्री प्रदाय किए जाने पर बच्चों में विशेष हर्ष और उमंग देखने को मिलता है तथा छात्रावास और पढ़ाई की प्रति उनकी रुचि में भी वृद्धि हुई है। पिछले सत्र में बोर्ड परीक्षाओं में भी छात्रावासी बच्चों का परीक्षा परिणाम भी बेहतर रहा है।

# कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल का चक्रपूजा महोत्सव आज से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल का वार्षिक चक्रपूजा महोत्सव आज से ग्राम बोइरडीह (शाखा सभा पिरदा) में भव्य रूप से आरंभ हो रहा है। यह तीन दिवसीय आयोजन 6 से 8 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन का कार्यक्रम महोत्सव का शुभारंभ आज सुबह कलश यात्रा, मूर्ति स्थापना और कुराल पुराण कथा के पवित्र आयोजन से होगा। श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है, और बड़ी संख्या में समाज के सदस्य कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। 7 दिसंबर को मुख्य अतिथि के रूप में संपत अग्रवाल (विधायक, बसना) उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वृंदावती सोमनाथ पांडे (सदस्य, जिला पंचायत महासमुंद), हरिहर राणा (अध्यक्ष, कुम्हार समाज, संबलपुर), रामचरण राणा (अध्यक्ष, कुंभकार समाज, रायगढ़), लावण्य राणा (अध्यक्ष, कुंभकार समाज, बरगढ़), बृजलाल राणा (अध्यक्ष, कुंभकार समाज, बागबाहरा), मोरध्वज चक्रधारी (उपाध्यक्ष, कुंभकार समाज, बागबाहरा), वरुण चक्रधारी (अध्यक्ष, कुंभकार समाज, गरियाबंद), राधेश्याम राणा (अध्यक्ष, कुंभकार समाज, नुआपड़ा), हेमकुमारी प्रेमलाल नायक (सदस्य, जिला पंचायत महासमुंद), और राजदुलारी वीरेंद्र अग्रवाल (सरपंच, ग्राम पंचायत बोइरडीह) शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता और विशेष सम्मान कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र राणा (अध्यक्ष, कुंभकार महासंघ, फुलझर अंचल) करेंगे। इस अवसर पर प्रतिभाशाली बच्चों और समाज के वरिष्ठ एवं वृद्धजनों का सम्मान किया जाएगा। सामाजिक चर्चा एवं समाधान महोत्सव के दौरान ओडिशा से आए अतिथियों के साथ समाज के विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा और समाधान पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

**अंतिम दिन का आयोजनः** महोत्सव का समापन 8 दिसंबर को मूर्ति विसर्जन और पूर्णाहुति के साथ होगा। इस दौरान रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र होंगे। यह जानकारी महासंघ के महासचिव धर्मेंद्रनाथ राणा द्वारा दी गई। उन्होंने सभी समाजजनों से महोत्सव में बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# वेट लिफ्टिंग स्पर्धा के लिए खिलाड़ी दिल्ली रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी से स्कूल नेशनल वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी हेमकुमारी पटेल और दारिणी पनुरिया दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। 9 से15 दिसंबर तक आयोजित वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता जो दिल्ली में आयोजित हैं, में सुखरीडबरी विद्यालय से 2 खिलाड़ी भाग लेंगे। टीम के कोच आलोक द्विवेदी हैं। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य कोयल सिंह सबर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कौशल वर्मा, जिला सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल, संकुल समन्वयक मनोज चंद्राकर एवं भूपेंद्र निराला, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने इनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए इनके उज्वल भविष्य की शुभकामना की।

# फॉर्च्यून नेत्रहीन विद्यालय में दिव्यांगजन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



अंतराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर बागबाहरा विकासखंड स्थित फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में विधायक प्रतिनिधि भूपेंद्र ठाकुर के मुख्य आतिथ्य, श्रीमती संगीता सिंह उप संचालक महासमुंद जिला समाज कल्याण विभाग की अध्यक्षता एवम संजीव अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, गुरुबक्श छाबड़ा, पोखराज साहू, बलबीर सिंग बग्गा, अपूर्व पांडेय, डॉ डीएल साहू, बीजू पटनायक, दिलेश्वर चंद्राकर, मायाराम पटेल के विशेष आतिथ्य में सर्व प्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्था डायरेक्टर निरंजन साहू ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विभिन्न जानकारियां प्रदान की। इस अवसर पर फॉर्च्यून संस्थान के नेत्रहीन विद्यार्थियों ने संगीत, गीत, योग व्यायाम के माध्यम से श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेंद्र ठाकुर ने कहा कि फॉर्च्यून संस्था द्वारा उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जा रही है। इसीलिए इस संस्थान के बच्चे प्रदेश, राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर अनेक मेडल प्राप्त कर संस्था ही नहीं हमारे पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्था के प्रगति के लिए मैं हरसंभव सहयोग करूंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही समाज कल्याण अपर संचालक संगीता सिंह ने कहा नेत्रहीन बच्चों की ये जो प्रतिभा है यह उनकी छठवीं इंद्रिय का जाग्रत होना है। बच्चे दिव्यांग जरूर हैं किंतु उनके भीतर की हुनर, सामान्य से बेहतर है। बच्चे श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के आयोजन में प्राचार्य रश्मि साहू, लक्ष्मी प्रिया साहू, प्रीति यादव, भूमिका यादव, पुष्पलता पटेल, वर्षा चक्रधारी, ललिता नागेश, धनेश्वरी नागेश, पिंकी यादव, मोहन यदु, देवकी यादव की उपस्थिति एवं सहभागिता रही।

## आयुष विभाग के चिकित्सकों ने किया विधायक सिन्हा का स्वास्थ्य परीक्षण

**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने निवास पर "देश का प्रकृति परीक्षण" अभियान के तहत अपना परीक्षण कराया। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रवीण चंद्राकर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्रजीत साहू और प्रकृति परीक्षण हेतु डॉ. सर्वेश दुबे उपस्थित थे। विधायक श्री सिन्हा ने अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया और इसे स्वस्थ समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। बतादें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नवम आयुर्वेद दिवस के अवसर पर शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता और गैर-संचारी रोगों की रोकथाम है। यह अभियान 26 नवंबर 2024 से 25 दिसंबर 2024 तक पूरे देश में संचालित हो रहा है। आधुनिक जीवनशैली के कारण बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं जैसे तनाव, अनिद्रा, अवसाद, और चिड़चिड़ापन को आयुर्वेद के माध्यम से कम किया जा सकता है। आयुर्वेद में बताए गए शारीरिक और मानसिक प्रकृति का परीक्षण करके इन समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। यह अभियान नागरिकों को निःशुल्क प्रकृति प्रमाण पत्र प्रदान करता है, जिसे सीधे उनके मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है। परीक्षण के बाद, नागरिकों को उनके लिए उपयुक्त आहार और जीवनशैली का चार्ट भी दिया जाता है। महासमुंद जिले में संचालित सभी आयुष संस्थाओं में यह परीक्षण निःशुल्क उपलब्ध है।

## मानसिक रोगी महिला का इलाज सेंदरी बिलासपुर में

**नरहरपुर।** ग्राम भनसुली थाना नरहरपुर निवासी बसदेव शोरी अपने पत्नी हरियानो बाई का मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने कि जानकारी विधिक स्वयं सेवी को दिया, जिसके पश्चात उक्त जानकारी थाना नरहरपुर थाना प्रभारी सुरेश राठौर को दिया गया। नरहरपुर पुलिस ने डा. विमल भगत ( मनोरोग विशेषज्ञ) के पास ले जाकर मेडिकल कराया गया जिसके पश्चात उचित इलाज के लिए बिलासपुर सेंदरी भेजने का सुझाव दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेंद्र वासनीकर के आदेशानुसार नरहरपुर थाना महिला आरक्षक पूर्णिमा मरकाम तथा विधिक स्वयं सेवी वर्षा पोया के द्वारा महिला को बिलासपुर सेंदरी सुरक्षित भिजवाया गया।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।

-शोक संदेश-

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि राजा सहाब ठा. उदय प्रताप सिंह कोमाखान के पुत्र युवराज प्रत्युष प्रताप सिंह का स्वर्गवास दिनांक 27.11.24 दिन बुधवार को हो गया है। अतः आप सपरिवार पधार कर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर हमें अनुग्रहित करें।

स्व.युवराज प्रत्युष प्रताप सिंह

-कार्यक्रम-
दशगात्र-दिनांक 06.12.24 दिन शुक्रवार
गंगा पूजन- दिनांक 08.12.24 दिन रविवार
तेरहवीं-दिनांक 09.12.24 दिन सोमवार एवं चंदन पान शाम 04 बजे
कार्यक्रम स्थल - राजमहल कोमाखान

-शोकाकुल-
ठा. उदय प्रताप सिंह, श्रीमती किर्ती सिंह, ठा. नीलप्रताप सिंह, ठा. हिमांश सिंह, ठा. अखिलेश्वर सिंह एवं समस्त राज परिवार।

-विनीत-
श्रीमती गीरजा सिंह
ठा. राजप्रताप सिंह, श्रीमती अनुभा सिंह, डॉ. संदीप धुर्वे, श्री नीलेश मार्शकोले, श्रीमती देवला बाई

नोट : जिन किसी स्वजन को शोक पत्र न मिल पाया हो कृपया इसे ही शोकपत्र समझें

# पंजीकृत किसानों का एक-एक दाना धान खरीदने सरकार प्रतिबद्ध : रमेश साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



■ केंद्र में मोदी व प्रदेश की साय सरकार किसानों को संपन्न बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही

भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने कहा कि प्रदेश की साय सरकार किसानों के विकास और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने और उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त करने की दिशा में भाजपा सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि धान की एक-एक दाना खरीदना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों के जीवन में समृद्धि, आत्मनिर्भरता, विकास और खुशहाली के लिए योजनाएं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश की साय सरकार किसानों को संपन्न बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

श्री साहू ने आगे कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा ही नहीं है। विष्णुदेव सरकार में धान खरीदी की सफलता से कांग्रेस नेता बेचैन हैं। इसलिए धान खरीदी को लेकर अनर्गल बयानबाजी कांग्रेसियों द्वारा किया जा रहा है। भाजपा सरकार पर आरोप लगाने से पहले कांग्रेसियों को अपने कार्यकाल पर एक नजर डालनी चाहिए। भूपेश बघेल के कार्यकाल में खेत की मेड़ का रकबा घटाकर कम धान खरीदा गया। वहीं, आनावारी बढ़ाकर किसानों को मुआवजा से वंचित किया गया। साहू ने कहा कि किसान भाइयों को चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि, साय सरकार पंजीकृत कृषकों का एक-एक दाना धान खरीदने प्रतिबद्ध है। आवश्यकता पड़ी तो धान खरीदी की समय भी सरकार बढ़ा सकती है। कोई भी किसान धान बेचने से वंचित नहीं होगा।



## इंडोर स्टेडियम का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने बुधवार को बागबाहरा मार्ग में पालिका द्वारा निमार्णाधीन इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ज्ञात हो कि करीब वर्षो से जिलेभर के खिलाड़ी इंडोर स्टेडियम की मांग कर रहे थे। मांग पर बागबाहरा मार्ग में शासन द्वारा चिन्हित स्थान पर निर्माण कार्य शुरू किया था, जो अब पूर्णता की ओर है। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने अंतिम चरण में चल रहे इंडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। श्रीमती महिलांग ने बताया कि निर्माण पूर्ण होते ही इसका लोकार्पण कर शहर व जिले के खिलाड़ियों को इंडोर स्टेडियम की सौगात दी जाएगी।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

# लाफिनखुर्द में स्थापना दिवस के अवसर पर मातृ सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय हाई स्कूल लाफि खुर्द में विद्यालय स्थापना दिवस के अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदर लाल साहू एवं सरपंच देव कुमार टंडन के मुख्य आतिथ्य एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति में सरस्वती पूजन के साथ यज्ञ, आनंद मेला, मातृ सम्मेलन एवं संकुल स्तरीय विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच देव कुमार टंडन द्वारा सरस्वती पूजन से किया गया तत्पश्चात यज्ञ के माध्यम से सभी स्टाफ व बच्चों द्वारा आहुति दी गई। यज्ञ संचालन संस्था प्रमुख भारत साहू ने किया। पालक सम्मेलन के अंतर्गत मातृ सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों के शिक्षा गुणवत्ता एवं परीक्षा परिणाम सुधार पर चर्चा करते हुए विभिन्न खेलकूद का आयोजन किया गया। प्रीति चंद्राकर व्याख्याता ने माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के देखरेख में माताओं की विशेष जिम्मेदारी होती है। अतः नियमित रूप से बच्चे को पठन-पाठन के लिए प्रेरित करें और समय का सदुपयोग करने हेतु ध्यान देने के लिए निर्देशित करें, उन्हें मोबाइल से दूर रखें। तत्पश्चात माताओ के लिए क्विज प्रतियोगिता, बाल डालना, सुई धागा दौड़, चम्मच बांटी दौड़ एव कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया जिसका संचालन भुनेश्वरी जांगडे व्याख्याता ने किया। बाल डालने में छमीन साहू प्रथम, रूखमणि साहू द्वितीय, सुई धागा में दुलेश्वरी प्रथम, अश्वनी द्वितीय, कुर्सी दौड़ में मेघा साहू प्रथम, सुनीति साहू द्वितीय स्थान पर रही। संकुल स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विभाग से समूह नृत्य की प्रस्तुति किया गया जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भुरका प्रथम, शास पूर्व माध्यमिक शाला लाफिन खुर्द द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पूर्व माध्यमिक शाला चिंगरौद एवं सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने भी भाग लिया। इसी तरह विचित्र वेशभूषा में प्राथमिक शाला चिंगरौद से साहिल प्रथम, सरस्वती शिशु मंदिर लाफिनखुर्द से पुलकित राजपूत द्वितीय तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला लाफिंन कला से ओजस्वी प्रथम, प्राथमिक शाला चिंगरौद से लालिमा द्वितीय स्थान पर रहे। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को संकुल की ओर से शील्ड एवं प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुंदर साहू ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए इस प्रकार के नवाचारी कार्यक्रम के लिए संकुल के शिक्षकों को बधाई दिया साथ ही साथ प्रतिवर्ष इस प्रकार के आयोजन करने के लिए प्रेरित किया। सांसद प्रतिनिधि नामदेव साहू ने भी सभी पालकों को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्टाफ को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष सुंदरलाल साहू, सांसद प्रतिनिधि नामदेव साहू, संतोष कुमार साहू, भीखम साहू, तोषकुमार साहू, विभिन्न संस्था के संस्था प्रमुख महेंद्र देशमुख, डीगम चंद्राकर, पोखन चंद्राकर, दीपक सिन्हा, खेमराज ध्रुव, योगेश्वर चंद्राकर, डीगेश, पूरण बघेल, बसंत नेताम, पटेल मैडम, मंजूषा साहू, शा उच्च माध्य वि बम्हनी के प्राचार्य कागजी, संस्था के व्याख्याता प्रीति चंद्राकर, भुवनेश्वरी जांगड़े, ममता ठाकुर, उषा पटेल, प्रकाश चंद्राकर, स्टाफ सदस्य राधेश्याम सोनी, संदीप तिवारी, अमित देवांगन एवं गांव के वरिष्ठ नागरिक, पालक गण एवं शिक्षक उपस्थित थे। आनंद मेला में बच्चों द्वारा व्यंजनों के विभिन्न स्टाल लगाया गया जिसमें चाय, पोहा, जलेबी, दोसा, भेलपुरी एवं गुपचुप, अप्पे शामिल रहे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS | REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH


विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### परसुली में कुराल पंचमी पूजा महोत्सव आज

**नर्रा।** परसुली सर्कल नं 1 के ग्राम परसुली में कुम्हार चक्रधारी समाज द्वारा प्रति वर्ष के भांति इस बार भी 6 दिसंबर शुक्रवार को कुराल पंचमी पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दिन सुबह भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी इसके पश्चात चक्रधर भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा, हवन पूजन होगी बाद प्रसादी के रूप में दोपहर में भंड़ारा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नांच पार्टी नरतोरी मुनगासेर का कार्यक्रम रखा गया है।

### पचेड़ा में 6 से दो दिवसीय कबीर सत्संग आयोजित



**महासमुंद।** पचेड़ा में 6 व 7 दिसंबर को दो दिवसीय कबीर सत्संग का आयोजन रखा गया है जिसमें सत्संग करने चंद्रकला ग्राम सोनार देवरी जिला बलौदाबाजार होगी। इस सत्संग के माध्यम से अध्यात्म एवं धर्म की शिक्षा को मानव धर्म में उतारने की शिक्षा दिया जायेगा। यह आयोजन कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासीयो के सहयोग से किया गया है। आयोजक समिति द्वारा सत्संग प्रेमी संतों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है उक जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी है।

### एमएससी रसायनशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा प्रारंभ

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार शिक्षा सत्र 2024 - 25 की महाविद्यालय रसायनशास्त्र विभाग में प्रायोगिक परीक्षा 5 दिसंबर से प्रारंभ हो गई है । सभी प्रायोगिक परीक्षा प्रातः 8 बजे से 4 बजे तक आयोजित हो रही है, जिसके अंतर्गत एमएससी प्रथम सेमेस्टर लैब कोर्स प्रथम अकार्बनिक रसायन 5 दिसंबर को संपन्न हुआ । एमएससी प्रथम सेमेस्टर लैब कोर्स 2 भौतिक रसायन की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 7 दिसंबर को आयोजित होगी, एमएससी तृतीय सेमेस्टर लैब कोर्स 5 भौतिक रसायन की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 7 दिसंबर को आयोजित होगी, एमएससी तृतीय सेमेस्टर लैब कोर्स 6 की प्रायोगिक परीक्षा 10 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा समस्त एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं प्रायोगिक परीक्षा में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

**निधन**

### दाऊ टेमाराम चंद्राकर



**महासमुंद।** ग्राम कोना (खट्टी) निवासी दाऊ टेमाराम चंद्राकर (98) का आज सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम कोमा में किया गया। वे सेवन लाल, गिरिजाशंकर, विष्णु एवं चंद्रपाल चंद्राकर के पिता तथा पूर्व विधायक महासमुंद विनोद सेवन लाल चंद्राकर व प्रमोद चंद्राकर के दादा थे। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाज जन व गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# धान खरीदी केंद्र चलो अभियान, विधायक नंद ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



विधायक चातुरी नंद किसानों की समस्याओं से हुईं रूबरू

धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ग्राम तोषगांव, जंगलबेड़ा और तोरेसिंहा धान खरीदी खरीदी केंद्र पहुंची। इस दौरान धान खरीदी का निरीक्षण किया और किसानों की समस्याओं से रूबरू हुईं। निरीक्षण के दौरान विधायक को धान की तौलाई के दौरान अधिक मात्रा में पाया गया जहां शाखा प्रबंधकों को मौके पर ही व्यवस्था दुरुस्त कर निर्धारित मात्रा में तौल कराने का निर्देश दिया। उन्होंने घटिया स्तर के बरदाना पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की और गुणवत्तापूर्ण बारदाने की व्यवस्था करने के निर्देश डीएमओ से दूरभाष के माध्यम से दी।

इस संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए विधायक नंद ने बताया कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार आई है तब से किसान परेशान है। जब कांग्रेस की सरकार थी तब राज्य में रिकॉर्ड तोड़ धान खरीदी की गई और कभी किसानों को दिक्कतें नहीं हुईं लेकिन साय के सुशासन के दौरान किसानों के रकबे में कटौती कर किसानों को परेशान किया जा रहा है। यह सरकार धान बेचने के लिए किसानों को बारदाना तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। विधायक नंद ने भाजपा सरकार पर किसानों के साथ छलावा और धोखा देने का आरोप लगाते हुए किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त का भुगतान जल्द करने की मांग की।

स्थानीय विधायक ने क्षेत्र में पड़ोसी राज्य उड़ीसा से धान तस्करी पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी और कहा कि धान कोचिए क्षेत्र में सक्रिय है। धान कोचिया मंडी, खरीदी केंद्र प्रभारियों और बेरियर के कर्मचारियों से मिलीभगत कर बड़े पैमाने पर अवैध धान खपाया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन पर अवैध धान तस्करों को शह देने का बड़ा आरोप भी लगाया।

धान खरीदी केंद्र चलो अभियान में आज विधायक के साथ आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, जनपद सदस्य सरिता प्रधान, पार्षद सुरेश भोई, वरिष्ठ कांग्रेस नेता निर्मल प्रधान, संजय प्रधान, हीरालाल प्रधान, अरमान हुसैन, दिलीप साहू समेंत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### प्रदर्शन : हिंदू समाज ने धर्मसभा का आयोजन कर आक्रोश व्यक्त किया

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में निकाली गई रैली






हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बुधवार को पुराना बस स्टैंड बागबाहरा में सभा आयोजित की। सभा में बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस सरकार के कार्यकाल में हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार, हिंदू महिलाओं के दुराचार और कत्लेआम को लेकर जमकर आक्रोश व्यक्त किया गया।

सभा को बागबाहरा क्षेत्र के अनेक समाज प्रमुखों ने संबोधित किया। सभा में वक्ताओं ने कहा की बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद हिंदुओं का लगातार उत्पीड़न हो रहा हैं। हिंदू संतों को गिरफ्तार किया जा रहा हैं। हिंदुओं के पूजा स्थल मंदिरों पर इस्लामिक कट्टरपंथी हमले कर रहे हैं। हाल ही में इस्कान में संत चिन्मय कृष्णदास को आतंकवादी की तरह व्यवहार करते हुए उन्हें जेल में डाल दिया गया है उनके साथ अमानवीय बर्बरता की गई है। साथ ही कुछ समय से हिंदुओं के घरों में तोड़फोड़ आगजनी के साथ ही उनके परिजनों पर पर हमले एवं मातृशक्ति के साथ दुराचार की घटनाएं बढ़ गई हैं। यहां तक की हिंदू नाम रखने वाले लोगों के साथ मारपीट उनके व्यवसाय पर हमले हो रहे है। इन घटनाओं से भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में रह रहे हिंदुओं को आक्रोश व्याप्त है। सभा के बाद रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। बांग्लादेश की इन घटनाओं पर तथाकथित अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन जैसे आंख बंद किए हैं, उनका मौन ऐसे संगठनों की भूमिका को संदेहास्पद सिद्ध करता है। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब एमनेस्टी इंटरनेशनल समेत दुनिया भर के मानवाधिकार संगठनों का दोहरा चरित्र सबके सामने है,पड़ोसी देश बांग्लादेश में हो रहे इस अमानवीय घटनाक्रम के विरुद्ध देशभर में हिंदू समाज शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहा है। आज हमने स्थानीय प्रशासन के माध्यम से इस विषय को संज्ञान में लाकर केंद्र सरकार से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ब्लॉक में हिंदू समाज द्वारा 4 दिसंबर को शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर अपना विरोध प्रदर्शित करते हुए प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। हम इस विरोध प्रदर्शन के जरिए बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं को यह भी बताना चाहते हैं कि भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व में रह रहा हिंदू आपके साथ ज्ञापन के द्वारा हम केंद्र सरकार से मांग करते है कि इस घटनाक्रम पर तत्काल उचित कदम उठाएं जिससे हमारे हिंदू भाई-बहनों का शोषण बंद हो। हम उन अंतरराष्ट्रीय संगठनों व एजेंसियों से भी आह्वान करते हैं कि वह इस्लामिक कट्टरता द्वारा पोषित तथा बांग्लादेश की वर्तमान सरकार की शह पर हो रहे इस जघन्य कृत्य पर अपनी चुप्पी तोड़ें और तत्काल वहां की सरकार को हिन्दुओं के जीवन, आजीविका और सम्मान की रक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करे। कार्यक्रम में हिंदू समाज के बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

## बीएससी के छात्र-छात्राओं को ब्लड बैंक का विजिट कराया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना में प्राचार्य डॉ एस के साव के निर्देशन एवं प्राणी शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीमती गीतिका प्रधान के मार्गदर्शन में बीएससी तृतीय वर्ष के समस्त छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक गतिविधि के रुप में ब्लड बैंक का विजिट कराया गया। जिससे सभी छात्र छात्राएं ब्लड बैंक की कार्य प्रणाली से अवगत हुए तथा विद्यार्थियों को ब्लड स्टोरेज, ब्लड डोनेशन, ब्लड टेस्ट, एलाइजा टेस्ट और आवश्यक उपकरणों और उनके सिद्धांत से परिचित कराया गया। ब्लड बैंक में कार्यरत लैब टेक्निशियन मानस रंजनदास के द्वारा ब्लड स्टोरेज, ब्लड डोनेशन और प्लाज्मा पृथककरण को विस्तार से समझाया गया। उन्होंने बताया कि जब रक्तदान किया जाता है तो रक्त को विशेष प्रकार की थैलियों में सुरक्षित रखा जाता है जिसके बाद सेंट्रीफ्यूज की सहायता से इसको प्लाज्मा के रूप में पृथक्कृत कराया जाता है इसके पश्चात यदि प्लेटलेट्स की आवश्यकता होती है तो प्लाज्मा से प्लेटलेट्स को सेंट्रीफ्यूज की सहायता से पृथक कराया जाता है उन्होंने बताया कि रक्त और प्लाज्मा को माइनस ताप पर रेफ्रिजरेटर पर सुरक्षित रखा जाता है। इसके बाद उन्होंने ब्लड ग्रुप टेस्ट को समझाया और विभिन्न प्रकार के आवश्यक उपकरणों जैसे सेंट्रीफ्यूज, इन्क्यूबेटर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। इस विजिट में आकांक्षा भोई व समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल को समर्थन देने पहुंची विधायक चातुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



स्थानीय विधायक चातुरी नंद ने नगर पालिका परिषद में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन देने धरना स्थल पहुंची और उनकी मांगों का समर्थन करते हुए शासन-प्रशासन को संज्ञान लेते हुए उनके जल्द निराकरण की मांग की।

प्लेसमेंट कर्मचारियों के धरना को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि भाजपा सरकार जब से आई है तब से कर्मचारियों के अधिकारों पर डाका डालने का काम कर रही है।

नगर पालिका परिषद के प्लेसमेंट कर्मचारियों को सीधे भुगतान ना कर एजेंसी के माध्यम से वेतन भुगतान किया जा रहा है जो कि अनुचित है। नगर पालिका द्वारा प्लेसमेंट कर्मचारियों से काम तो पूरा लिया जा रहा है लेकिन वेतन भत्ता और किसी प्रकार की अन्य सुविधा नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करती हूं और प्रदेश के मुख्यमंत्री, नगरीय निकाय मंत्री और उच्चाधिकारियों से उनके मांगों के जल्द निराकरण करने की मांग करती हूं।

विधायक नंद ने प्रदेश की भाजपा सरकार को कर्मचारी विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि यह सरकार कर्मचारियों के हक अधिकार पर डाका डाल रही है जिससे सभी विभाग के कर्मचारी सरकार से नाराज है। इस सरकार में सबसे ज्यादा प्रताड़ित दैनिक वेतन भोगी, अनियमित और संविदा कर्मचारी है।

साय सरकार के पास बॉलीवुड के बड़े कलाकारों को करोड़ों रुपए भुगतान करने के लिए पैसा तो है लेकिन दिन रात आम जनता की सेवा करने वाले कर्मचारियों के लिए पैसे की कमी है। धरना स्थल में विधायक चातुरी नंद के साथ शहर कांग्रेस कमेंटी के अध्यक्ष आरएन आदित्य, पार्षद सुरेश भोई, वरिष्ठ कांग्रेस नेता परमानंद नायक, सुरेश पटेल, दुष्यंत साहू कांग्रेस कार्यकर्ता और प्लेसमेंट कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बच्चों का मेला स्कूल में मनोरंजन और शिक्षा का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना



बागबाहरा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला धरमपुर सम्हर में बाल मेला का आयोजन किया गया।इस बाल मेले में स्कूली बच्चों ने स्टाल लगाए हैं, जिसमें अभिभावकों और शिक्षकों ने खरीदारी कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

बाल मेले में बच्चों ने स्टॉल में भारतीय और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों जैसे ढोकला, चीला, फरा, गुलगुला भजिया, गुपचुप, चाट, पॉपकॉर्न, भेल, फल्ली, फुग्गा, चॉकलेट और गेम्स आदि के स्टाल लगाए। मेला स्थल पहुंचकर पालकों और शिक्षकों ने खरीदारी की। प्रभारी प्रधान पाठक रिंकल बग्गा ने बताया कि स्कूल के बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। गांव के मध्य दुर्गा चौराहा के पास में सजावट कर बाल मेला लगाया गया। इस बाल मेले में विभिन्न प्रकार की सामग्री को बेचने के लिए स्टाल लगाए गए जिन्हें देखकर ग्रामीण काफी प्रभावित हुए। शिक्षक जनक राम ध्रुव ने बताया की स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में पालकों और गांव के लोगों ने खरीदारी की है। बच्चों द्वारा बनाई गई सभी सामग्री एक घंटा में ही समाप्त हो गई। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस मेले को लगाया गया है जिसके माध्यम से लोगों को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। मेले में स्वच्छता का संदेश देने के लिए हर स्टाल के पास डस्टबिन रखा गया तथा शाला सुरक्षा के पोस्टर लगाए गए थे।

## सौरभ ने किया अपने माता पिता व कंवर आदिवासी समाज का नाम रोशन

**महासमुंद।** ग्राम सालिहाभाटा महासमुंद, निवासी डॉ जीसी दीवान व द्रौपदी दीवान के सुपुत्र सौरभ दीवान ने सीजीपीएससी की कठिन परीक्षा पास कर डिप्टी कलेक्टर का पद हासिल किया। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा राज्य लोक सेवा परीक्षा 2023 में सौरभ दीवान का चयन अप जिला अधिकारी डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ जिससे पूरे परिवार समाज में अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है पिता डॉक्टर जीसी दीवान ने बताया कि सौरभ बचपन से ही बहुत मेहनती रहा है माता महासमुंद विकासखंड में ही शिक्षिका है। डॉक्टर दीवान ने




बताया कि सौरभ की प्रारंभिक शिक्षा विद्या ज्योति कुम्हारी एवं उच्च शिक्षा भिलाई इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी दुर्ग से हुआ हैं। सौरभ महासमुंद स्थित सालिह भाठा गांव के निवासी हैं। इन्होंने अपने माता-पिता के साथ-सा बुआ फूफा (गंगा देवी ठाकुर बीएल ठाकुर) मामा-मामी एवं भाई-बहन एवं अपने गांव सालिहाभाठा का नाम रोशन किया। सौरभ ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता-पिता के साथ बुआ-फूफा को दिया है। सौरभ दीवान की इस कामयाबी के लिए शिक्षक ईश्वर चंद्राकर, सिराज बक्श, अजय बंजारे, मुकेश प्रजापति, बाबू लाल ध्रुव ने हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### भाजपा जिला कार्यालय में प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने की समीक्षा

# मजदूर, किसानों को समर्पित रहा साय सरकार का एक साल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




जिला भाजपा कार्यालय में विगत 3 दिसंबर को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश की नवगठित भाजपा सरकार के कार्यकाल का 1 वर्ष पूर्ण हो रहा है। इस कार्यकाल में विष्णुदेव साय सरकार में की गई जनहित के कार्यो के कारण भाजपा को जिले में सदस्यता अभियान, संगठन पर्व चुनाव में जनता का भरपूर सहयोग और समर्थन मिला है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार ने 1 वर्ष के अल्प कार्यकाल में ही प्रदेश के किसानों, मातृ शक्ति महिलाओं सहित सर्व वर्ग के विकास के लिए अपने वायदों के अनुरूप कार्य किया है। भाजपा की सरकार गांव, गरीब, मजदूर, किसानों के हित में समर्पित रही है। श्री रोहरा ने जिले के सभी 18 मंडलों में संगठन पर्व के तहत सदस्यता अभियान, सक्रिय सदस्यता और संगठन चुनाव के तहत बूथ समितियों के चुनाव की मंडलवार विस्तृत समीक्षा की। सभी मण्डल अध्यक्षों से चर्चा पश्चात कहा कि महासमुंद जिला संगठन के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहा है वर्तमान में भी जिला अपने दायित्वों के प्रति सजग और अग्रणी रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने कहा कि भाजपा सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों के साथ सरकार की योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को साथ लेकर बूथों में भी कार्यक्रम होना चाहिए। बूथ भाजपा संगठन की सबसे महत्वपूर्ण और शसक्त इकाई है। कार्यशाला का संचालन महासमुंद मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली और आभार जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी ने किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से विधायक द्वय योगेश्वर राजू सिन्हा, संपत अग्रवाल, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, पूर्व विधायक परेश बागबाहरा, प्रीतम दीवान, विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, विधानसभा संयोजक प्रेमशंकर पटेल, जिला चुनाव सह प्रभारी एतराम साहू, भाजपा नेत्री अलका चंद्राकर, छत्तरसिह नायक सहित भाजपा जिला कार्यसमिति के सभी सदस्य, मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी, मंडलों के अध्यक्ष महामंत्री सहित जनप्रतिनिधि और प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### अलका संग कार्यकर्ताओं ने फिल्म साबरमती रिपोर्ट देखी

**बागबाहरा।** प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा अलका चंद्राकर के संग खल्लारी विधानसभा के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता आम जन फिल्म साबरमती रिपोर्ट देखी यह फिल्म 27 फरवरी 2002 के गुजरात के गोधरा कांड पर आधारित है फिल्म के लिए निशुल्क कार्यकर्ताओं के लिए सिटी सिनेमा बागबाहरा में व्यवस्था अलका द्वारा किया गया फिल्म देखने के पश्चात अलका ने फिल्म बनाने वाले पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि गोधरा कांड के सच को उजागर करने के लिए सराहनीय एवं प्रभावशाली प्रयास है अतीत का काला सच सामने आया हैं गोधरा के 59 कारसेवकों की बलिदान की जानकारी देता है ताकि हर वर्ग को इस घटना के इतिहास के बारे में सही समझ मिल सके। अलका ने कहा कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण दिनों दिन देश कमजोर होता जा रहा है, फिल्म देखने से पता चलता है उस समय भारत की सरकार ने पूरी तरह से खेल रचने का काम किया। यह फिल्म 59 निर्दोष पुरुष-महिला बच्चों के बलिदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि हैं। इस अवसर पर प्रेम साहू, सागर चंद्राकर, पालेश्वर पटेल, मूलचंद साहू, नवीन पटेल, जसराज चंद्राकर, संजय मालवीय, नरेंद्र बग्गा, नंदू सोनी, लोकेश पैनोरिया, जानवी साहू, नरेश सिंह, सुरेश मोहंती, दुर्गा वस्त्र के हीरा साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।